अटल मिशन फार रिजूवनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफार्मेंसन (अमृत) योजना प्रदेश के एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले 60 नगरीय निकायों में संचालित है। उक्त योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, उन्नाव क्षेत्र में सीवर लाइन के कार्य उन्नाव सीवरेज योजना फेज-। एवं उन्नाव सीवरेज योजना फेज-।। के माध्यम से कराये जा रहे है।

उन्नाव सीवरेज योजना फेज-। के अन्तर्गत आवास विकास, शिव नगर एवं पीताम्बर नगर में 1100 नग गृह संयोजन, 15.64 कि0मी0 सीवर लाइन एवं अन्य अनुसांगिक कार्यो सहित कराया गया है। वर्तमान में उन्नाव सीवरेज योजना फेज-। के कार्य पूर्ण हो गये है। इसके साथ-साथ उन्नाव सीवरेज योजना फेज-।। के अन्तर्गत मेन पम्पिंग स्टेशन, एस0टी0पी0 तक राइजिंगमेन बिछाये जाने का कार्य एवं तत्संबंधी कार्य प्रगति पर है, जिसे माह नवम्बर, 2022 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। नगर पालिका परिषद, उन्नाव के शेष क्षेत्र को सीवरेज सुविधा से आच्छादित किये जाने हेतु लगभग 335 कि0मी0 सीवर लाइन एवं लगभग 29200 नग गृह संयोजन के कार्य कराये जाने हेतु प्रकल्प विरचन का कार्य प्रगति पर है, जिसकी स्वीकृति उपरान्त यह कार्य कराया जा सकेगा।

उपरोक्तानुसार।

**ए.के. शर्मा**

**मंत्री**

**]नगर विकास विभाग।**